# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 20.06.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त जारी की, देशभर के नौ करोड़ चौवालीस लाख किसानों के खाते में 18 हजार 880 करोड़ रुपये किए वितरित।**
2. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ और एईआरओ को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश।**
3. **राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने लोकभवन में आयोजित पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित, कहा– विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी शक्ति।**
4. **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कल रांची समेत राज्यभर में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी पूरी, हजारीबाग, गोड्डा समेत कई जिलों में निकाली गई जागरूकता रैली।**

**और**

5. **एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप के सेमीफाइनल में भारत ने चिली को छह–शून्य से हराकर फाइनल में किया प्रवेश, कप्तान सलीमा टेटे बनीं प्लेयर ऑफ द मैच।**

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के नौ करोड़ चौवालीस लाख किसानों के खाते में 18 हजार 880 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। पश्चिम बंगाल के हुगली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि आज से पीएम फसल बीमा योजना की शुरूआत की जा रही है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए राज्यस्तरीय दिशा समिति के सदस्य देवेश तिवारी गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान देवेश तिवारी ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

*****************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कल होने वाली नीट–यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की तैयारियों के अंतर्गत आज देशभर में मॉक ड्रिल किया। सुबह नौ बजे शुरू हुआ यह अभ्यास पूरे दिन जारी रहा। एजेंसी के अनुसार, नीट–यूजी पुनर्परीक्षा भारत के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की जाएगी, जिसमें 22 लाख 79 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

*****************

इधर, नीट परीक्षा को लेकर रांची समेत राज्य के सभी परीक्षा केन्द्रों पर व्यापक तैयारी की गयी है। रांची में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश दिया है। इस बीच झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी जिलों के एसपी को हाई अलर्ट जारी किया है।

*****************

नीट परीक्षा को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। एसडीपीओ रूपक कुमार ने बताया कि जांच अभियान चलाकर विभिन्न होटलों में ठहरे हुए व्यक्तियों का सत्यापन और जांच की गई।

*****************

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ और एईआरओ को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के कार्यों का सत्यापन कर उन्हें मूर्त रूप देने में ईआरओ एवं एईआरओ की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान एसआईआर के विभिन्न चरणों, इन्यूमरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुपालन पर विस्तार से जानकारी दी गई।

*****************

रांची के लोक भवन में आयोजित पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड में रह रहे पश्चिम बंगालवासियों को संबोधित करते हुए **'विविधता में एकता'** को भारत की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान और भावनात्मक एकता को मजबूत कर रही है।

****************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल दुनियाभर में मनाया जाएगा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है स्वस्थ आयु के लिए योग। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय देशभर में एक सौ स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

****************

कल यानी 21 जून को मनाए जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राज्य के सभी 24 जिलों में उत्साह का माहौल है। राजधानी रांची समेत राज्यभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

रांची विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में सुबह 6 बजे से योग दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे और योग के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

****************

इधर, साहिबगंज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम फूलो झानो इनडोर स्टेडियम में कल आयोजित होगा। साहिबगंज के जिला आयुष पदाधिकारी आलोक श्रीवास्तव ने लोगों से निरोग रहने के लिए योग अपनाने की अपील की।

उधर हजारीबाग जिला आयुष समिति और आयुष विभाग द्वारा लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए प्रभातफेरी निकाली गई और कल होनेवाले कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई। वहीं, गोड्डा में रन फॉर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इधर, सरायकेला–खरसावां जिले में योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में कुल 33 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां 75 प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया जाएगा।

****************

राजधानी राँची स्थित संत पॉल कॉलेज में जिला प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और नशा के विरुद्ध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची के सिटी एसपी पारस राणा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

****************

एफआईएच महिला हॉकी नेशन्स कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चिली को 6–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेले गए मैच में भारत ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया। भारतीय टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टीम में झारखंड की निक्की प्रधान और दीपिका सोरेंग भी शामिल हैं। फाइनल में अब भारत का सामना मेजबान न्यूजीलैंड से होगा।

**********समाप्त**********